आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.04.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- केंद्र ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण–पीएम पोषण योजना के अंतर्गत सामग्री लागत में नौ दशमलव पांच–शून्य प्रतिशत की वृद्धि की है।
- देश भर में आज महावीर जयंती धार्मिक हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है।
- पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन और अनुशंसा की प्रक्रिया आरंभ ।
- द्वीपसमूह में डॉ. बी आर अम्बेडकर जयंती के अवसर पर चौदह अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है।

<><><><><><><>

केंद्र ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण–पीएम पोषण योजना के अंतर्गत सामग्री लागत में नौ दशमलव पांच–शून्य प्रतिशत की वृद्धि की है। यह योजना केंद्र प्रायोजित है। इसके अंतर्गत सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में बालवाटिका तथा पहली से आठवीं तक पढ़ने वाले ग्यारह करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को गर्म पका हुआ भोजन परोसा जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि नई दरें पहली मई से सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लागू होंगी। इस वृद्धि के कारण केंद्र सरकार पर वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में नौ सौ चौवन करोड़ रुपये की अतिरिक्त लागत आएगी। केंद्र सरकार सामग्री लागत के अलावा, भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से लगभग छब्बीस लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उपलब्ध कराती है। सरकार खाद्यान्न की सौ प्रतिशत लागत वहन करती है। इसमें लगभग नौ हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष की सब्सिडी और भारतीय खाद्य निगम डिपो से स्कूलों तक खाद्यान्न की सौ प्रतिशत परिवहन लागत शामिल है।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि उपयोगकर्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए नए आधार कानून को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम दो हजार तेईस के साथ जोड़ा जाएगा। सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट में मंत्री ने कहा कि जब आधार कानून बनाया

गया था, तब कानूनी ढांचे में कई खामियां थीं, लेकिन अब उन खामियों को दूर किया गया है। श्री वैष्णव ने आधार कानून के आधुनिक संस्करण पर जोर देते हुए कहा कि मौजूदा सरकार गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव करने पर ध्यान दे रही है।

**<><><><><><><>**

देश भर में आज महावीर जयंती धार्मिक हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने महावीर जयंती पर देशवासियों को और विशेष रूप से जैन समुदाय को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि महावीर जयंती का संदेश आध्यात्म के मार्ग पर चलते हुए सादगी और दया का जीवन अपनाने तथा भौतिक सुविधाओं तथा इच्छाओं से मुक्ति का संदेश देता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संदेश में कहा कि भगवान महावीर की शिक्षा हमें करुणामयी और सदभावपूर्ण विश्व की ओर ले जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भगवान महावीर के आदर्श दुनिया भर में अनगिनत लोगों को शक्ति देते हैं। उन्होंने कहा कि जैन समुदाय ने उनकी शिक्षाओं को खूबसूरती से संरक्षित और लोकप्रिय बनाया है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार भगवान महावीर के सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**<><><><><><><>**

आज दुनिया भर में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में कैम्पबेल बे के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में होमियोपैथी चिकित्सक डॉ. चंचल सिंह और स्वास्थ्य अधिकारी मीना नसीर ने होमियोपैथी चिकित्सा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में लगभग पचास प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**<><><><><><><>**

पद्‌म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन और अनुशंसा की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। नामांकन की अंतिम तिथि इक्कतीस जुलाई है। नामांकन और अनुशंसा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल www.padmaawards.gov.in पर की जा सकती है। पद्‌म पुरस्कारों के अंतर्गत पद्‌म विभूषण, पद्‌म भूषण और पद्‌मश्री पुरस्कार आते हैं। यह पुरस्कार कला, साहित्य तथा शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग सहित विभिन्न विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिये जाते हैं। पद्‌म पुरस्कारों के लिए नामांकन केवल गृह

मंत्रालय द्वारा डिजाइन की गई ऑनलाईन पोर्टल पर ही प्राप्त की जाएंगी। इच्छुक व्यक्ति वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप के अनुसार ही अपना विवरण पोर्टल पर भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद ने अमृत 2.0 योजना के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत नगर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जल संचय और वर्षा जल संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता दो श्रेणियों में होगी, जिसमें पहली श्रेणी में पहली से आठवीं कक्षा के छात्र भाग लेंगे, जबकि दूसरी श्रेणी में नवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्र इस विषय पर अपने विद्यालय में नारा लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इच्छुक विद्यार्थी नौ चार तीन चार दो आठ सात एक नौ तीन पर कॉल कर चित्रकला और नारा लेखन की प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं। सभी प्रविष्टियों का संग्रह कल और बारह अप्रैल को किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में डॉ. बी आर अम्बेडकर जयंती के अवसर पर चौदह अप्रैल सोमवार को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। इस आशय की जानकारी उप—राज्यपाल कार्यालय की ओर से दी गई है।

<><><><><><><>

हनुमान जयंती के अवसर पर श्री विजयपुरम के चिन्मय मिशन में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम बारह अप्रैल को सुबह नौ बजे सुंदरकांड पाठ से शुरू होगा। साढ़े दस बजे अभिषेकम और अर्चना के बाद ग्यारह बजकर पन्द्रह मिनट पर सत्संग आरंभ होगा। प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

उद्योग विभाग कक्षा नौं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। ये प्रशिक्षण एक मई से पन्द्रह मई तक चलेगा। पन्द्रह दिवसीय इस निशुल्क प्रशिक्षण में हस्तशिल्प कला, नारियल शेल, लकड़ी, बेंत और बांस से जुड़ी कारीगरी सिखाई जाएगी। प्रशिक्षण के लिए सीटें सीमित हैं। इच्छुक छात्र इक्कीस अप्रैल तक मिडिल प्वाइंट स्थित उद्योग परिसर में आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समग्र क्षेत्रीय केन्द्र ब्रुक्शाबाद में निःशुल्क प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। रोटरी क्लब और महावीर सेवा सदन के सहयोग से चौदह अप्रैल तक शिविर आयोजित की जा रही है। सीआरसी ने कृत्रिम अंग के लिए संस्थान से संपर्क करने को कहा है।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय और खेल एवं युवा मामले विभाग अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से, द्वीपसमूह में पहली बार फिडे रैपिड रेटिंग ओपन शतरंज टूर्नामेंट– 'अंडमान–निकोबार शतरंज महासंग्राम दो हजार पच्चीस' का आयोजन करने जा रहा है। यह टूर्नामेंट उन्नीस और बीस अप्रैल, को नेताजी स्टेडियम में खुले मैदान में फ्लडलाइट्स के नीचे आयोजित होगा। यह प्रतियोगिता सभी खिलाड़ियों के लिए खुला है, जिससे प्रतिभागियों को आधिकारिक फिडे रैपिड रेटिंग प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। टूर्नामेंट के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। सभी प्रतिभागियों के लिए वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए AICF पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीकरण की अंतिम तिथि बारह अप्रैल शाम साढ़े पांच बजे तक है। इच्छुक खिलाड़ी गूगल फार्म लिंक के माध्यम से टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>